बनाई थी ; यदि हां, तो क्या उस समिति का कोई अस्तित्व शेष है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) (क) बिहार में कुछ लोगों द्वारा नाजायज ढंग से स्वतंत्रता सेनानी पेंशन लेने की कथित शिकायतें प्राप्त हुई हैं। ऐसी शिकायतों की राज्य सरकार और/अथवा केन्द्रीय एजेन्सियों द्वारा जांच पड़ताल की जाती हैं यदि आरोप सही साबित होते हैं तो पेंशन रद्द की जाती हैं.

(ख) जी नहीं, श्रीमान ।

(ग) स्वतंत्रता सेनानी सम्मान पेंशन योजना के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तारीख 31.3.1982 थी । तथापि, पेंशन, मंजूर कराने के लिए कोई भी अंतिम तारीख निर्धारित नहीं की गई थी ।

(घ) जिन व्यक्तियों ने पेंशन की मंजूरी के लिए औपचारिक रूप से आवेदन पत्र नहीं भेजे थे, उन्हें जनवरी, 1991 में एक बार और स्वतंत्रता सेनानी पेंशन मंजूर की गई । ऐसी पेंशन की मंजूरी एक समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई, जिसके सदस्य कुछ प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे । सरकार का इस प्रकार से एक बार पुनः पेंशन देने का कोई विचार नहीं है ।

पंजाब और कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ में तेजी

1515. **श्री शांति त्यागी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कई महीनों के दौरान पंजाब में आतंकवादियों और कश्मीर में उग्रवादियों की घुसपैठ की गतिविधियों में तेजी आयी है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार सीमा पर चौकसी बढ़ाने के लिए क्या कदम उठा रही है; और

(घ) क्या यह सच है कि कश्मीर में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इन्टेलीजेंस और पाकिस्तान की सेना के अधिकारी मौजूद हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) और (ख) उपलब्ध सूचना से यह पता नहीं चलता है कि पिछले महीनों से पंजाब/कश्मीर में प्रशिक्षित आतंकवादियों के घुसपैठ की संख्या में बहुत ज्यादा परिवर्तन हुआ हो ।

(ग) घुसपैठ रोकने के उद्देश्य से भारत-पाक सीमा पर पंजाब में 356 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाई गई है और 382 कि. मीटर क्षेत्र में फ्लड लाइट लगाने का कार्य पूरा किया गया है और राजस्थान में 58.8 कि. मीटर बाड़ लगाई गई है और 61.18 कि० मीटर में फ्लड लाइट लगाने का कार्य पूरा किया गया है । बाड़ लगाने और फ्लड लाइट लगाने के कार्य के अलावा, सीमा सुरक्षा बल ने सीमा पर चौकसी कड़ी करने के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त कदम उठाए हैं :

(1) पंजाब कार्रवाई योजना और सी.सु;बल विस्तार योजना 1986-91 के अन्तर्गत अतिरिक्त सी० सु बल बटालियनें तैनात करके सीमा चौकियों के बीच दूरी कम की गई है ।

(2) गश्त/नाकाओं की संख्या बढ़ाई गई है ।

(3) बेहतर पर्यवेक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर निगरानी बुर्जों का निर्माण किया गया है ।

(4) सीमा पर कड़ी चौकसी रखने के लिए और बेहतर पर्यवेक्षण के लिए सीमा पर तैनात टुकड़ियों को नाइट

विजन डिवाइस, बाइनोकुलर, हाथ में पकड़ी जाने वाली सर्चलाइट आदि जारी किए गए हैं।

(5) तुरन्त प्रत्यक्रमण तथा प्रभावी निगरानी के लिए जीप/मोटर साइकिल पर विशेष सीमा गश्तों के रूप में चलती-फिरती गश्त शुरू की गई है।

(6) आतंकवादियों/उग्रवादियों के प्रवेश को रोकने के लिए तार लगाकर बाधाएं खड़ी की गई हैं।

(7) सीमा पर निकट से निगरानी रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल के आसूचना तंत्र को सक्रिय किया गया है और उसे सुदृढ़ किया गया है।

जम्मू और कश्मीर के संबंध में सीमा पर सतर्कता बढ़ाने के अलावा, नियंत्रण रेखा और सीमा के साथ साथ 5 किलोमीटर पट्टी पर शाम सबेरे तक का कर्फ्यू लगाया गया है, आसूचना तंत्र को सक्रिय किया गया है। सीमावर्ती जिलों में विक्षुब्ध क्षेत्र अधिनियम तथा सेना बल विशेष शक्ति (अधिनियम) लागू किया गया है, और सेना, अर्धसैनिक बलों तथा राज्य पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय है।

(घ) इस बारे में सरकार को कोई पक्की सूचना नहीं है।

Privation of transport in the Capital

1516. SHRI SHANTI TYAGI:

SHRI RAJNI RANJAN SAHU:

Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 639 given in the Rajya Sabha on the 24th July, 1991 and state

(a) whether Government are planning to privatise transport system in the Capital;

(b) if so, what are the reasons therefor;

(c) whether the operation of the DTC will be completely done away with; and

(d) if so, by when the privatisation scheme would come into operation?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) The private sector is already participating in the transport system of the Capital independently as well as supplementing the DTC's services. Government welcome active participation of the private sector to bring an improvement to the transport system of Delhi. The Government have already recommended to the Delhi Administration to introduce a scheme of Special Stage Carriage Permits at a fare structure higher than that of D.T.C.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise in view of reply to (c) above.

Impact of Collapse of Warsaw Pact on India's Foreign Policy

1517. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) what has been the effect of collapse of Warsaw Pact on non-alignment policy followed by India;

(b) whether there has been any change in our foreign policy with regard to these world events; and

(c) what steps India proposes to take in that context of the tendency of the existing Super Power block of countries to establish hegemony in world affairs to become self-styled policemen of the world?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) to (c) The collapse of the system of military blocs is a vindication of the policy of Nonalignment. Our policy of pursuing an independent path in Foreign Affairs continues. India will continue its efforts, together with the